# न्यूज 12 भारत

सच्ची बात

डिजिटल मीडिया

Website : www.news12bharat.com






संस्करण : धनबाद | शनिवार 15 जून 2024 | Reg. DL 020009956 | E-mail : www.news12bharat@gmail.com | पृष्ठ : 2 | मूल्य : 3 रुपया



# विधानसभा निर्वाचन में स्वच्छ मतदाता सूची प्रदान करने की कवायद शुरू

## “बीएलओ सुपरवाईजर घर-घर जाकर बीएलओ द्वारा किये गए कार्यों का करें सत्यापन : सीईओ”

- मतदाता सूची से शिफ्टेड, डुप्लीकेट एवं मृत मतदाताओं का नियमानुसार विलोपन करें सुनिश्चित

न्यूज12 भारत संवाददता

रांची : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने लोकसभा चुनाव में मतदाताओं द्वारा प्राप्त शिकायतों के निराकरण पर किये जा रहे कार्रवाई हेतु सभी जिलों के निर्वाचन संबंधी पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि लोक सभा निर्वाचन के दौरान मतदाता सूची से गलत विलोपन की कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनका नियमानुसार सत्यापन करते हुए कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के आवंटन के क्रम में बनाये गए एएसडी सूची से मिलान करते हुए मतदाता सूची से शिफ्टेड, डुप्लीकेट एवं मृत मतदाताओं



का नियमानुसार विलोपन करें। अभी भी जिन मतदाताओं के पास पुराना लेमिनेटेड मतदाता पहचान पत्र है, उसे बदलते हुए नए रंगीन मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए, साथ ही किसी भी कारण अब तक छूटे मतदाताओं को भी मतदाता सूची से जोड़ने का कार्य किया जाए।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव सन्निकट है इस हेतु पदाधिकारी अपने क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए स्वछ मतदाता सूची के निर्माण कार्य की प्रक्रिया को गति दें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी बीएलओ सुपरवाईजर घर-घर जाकर बीएलओ द्वारा किये गए कार्यों का सत्यापन करें।

बीएलओ द्वारा सत्यापित घरों में से 10% घरों का बीएलओ सुपरवाइसजर भौतिक सत्यापन करें एवं मुख्यालय द्वारा दिये गए स्टिकर चिपकाएं। श्री कुमार ने कहा कि 1 जुलाई से मुख्यालय के पदाधिकारी जिलों का भ्रमण करेंगे इस दौरान जिला कार्यालय द्वारा मतदाता सूची को स्वच्छ बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बताए गए मापदंडों के अनुरूप किये गए कार्यों की समीक्षा करेंगें। इस अवसर पर ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी मौजूद थे।

वहीं बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी विधानसभा क्षेत्रों के एईरओ, आरओ, कंप्यूटर ऑपरेटर, हेल्प डेस्क मैनेजर सहित जिलों में निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारी एवं कर्मी जुड़े थे।

## एक नजर

### लातेहार में बड़ा रेल हादसा, चार यात्रियों की मौत और कई के घायल होने की खबर



न्यूज12 भारत संवाददता

रांची/लातेहार : सीआईसी सेक्शन के बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड पर कुमंडीह रेलवे स्टेशन पर रांची-सासाराम-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस की एक बोगी में आग लगने की अफवाह के बाद अफरा-तफरी मच गयी। इसी बीच जैसे ही ट्रेन कुमंडीह रेलवे स्टेशन पर रुकी, कुछ यात्री ट्रेन से कूद गये। इस दौरान कई यात्री विपरीत दिशा से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आ गये। इस घटना में चार यात्रियों की मौत हो गयी है जबकि आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गये हैं। हालांकि, अभी तक आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हुई है कि इस घटना में कितने यात्री मारे गये हैं और कितने घायल हुए हैं।

### जिप उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक ने पीड़ित को न्याय दिलाएंगे



न्यूज12 भारत संवाददता

गया।गया के टेकारी प्रखंड महादलित परिवार पर भुमी विवाद घायल लोगों से मिलने पहुंचे अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में पीड़ित परिवार से मुलाकात की।पुरी घटना की जानकारी ली,राजद नेताओ ने अस्पताल अधीक्षक से पीड़ित परिवार के अच्छे इलाज के लिए बातचीत की पूर्व विधायक बाराचट्टी समता देवी के साथ जिला परिषद उपाध्यक्ष शितल यादव इनके साथ राजद टेकारी प्रखंड अध्यक्ष बंटी यादव,शोरभ यादव,राजद के काफी कार्यकर्ता थे। पूर्व विधायक बाराचट्टी समता देवी के साथ मोहनपुर प्रखंड पूर्व प्रमुख राजद नेता सुवेदार यादव,भी आकय मिले, जिला प्रशासन से पूर्व विधायक बाराचट्टी समता देवी जिला परिषद उपाध्यक्ष शितल यादव ने मिलकर मांग किया कि जो भी इसमें अपराधी तत्वों के व्यक्ति शामिल हैं। उसपर कठोर करवाई की जाए,गया जिला पदाधिकारी से अत्यंत ही गरिब परिवार है इसका छोट छोटा बच्चे हैं इनका पालन पोषण के लिए समुचित व्यवस्था किया जाए बिहार सरकार से मांग किया यह व्यक्ति काम करने योग्य नहीं है इसके लिए बिहार सरकार नौकरी एवं मुआवजा दिया जाए।

### गायत्री कुमारी के परिवार के साथ घटित मारपीट की घटना में शामिल अपराधियो के खिलाफ जल्द हो कार्रवाई : संतोष सिंह





न्यूज12 भारत संवाददता

धनबाद । गोधर काली बस्ती में गायत्री कुमारी के परिवार के साथ घटित मारपीट की घटना में शामिल अपराधियो के खिलाफ कार्रवाई को लेकर धनबाद के नगर पुलिस अधीक्षक श्री अजित कुमार से धनबाद जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह और झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव वैभव सिंहा ने मिलकर गायत्री कुमारी के परिवार को आवश्यक सुरक्षा देने का आग्रह किया। आपको बताते चले 4 फरवरी को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जी गोधर काली बस्ती में गायत्री कुमारी से मिलकर गरीबी और रोजगार से संबंधित महत्वपूर्ण विषय पर साक्षात्कार किए थें जिसके कारण अपराधियो द्वारा गायत्री कुमारी के परिवार के साथ मारपीट किया था।

इन सभी मामलों को लेकर धनबाद जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने धनबाद जिला के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री एच पी जनार्दन से दूरभाष पर बात किया, वरीय पुलिस अधीक्षक ने आश्वस्त किया है कि दोषियों पर अभिलंब कार्रवाई की जाएगी तथा पीड़ित परिवार को प्रशासन इंसाफ दिलवाकर जान माल की रक्षा करेगी ।

## गया के लोगों का रिढी रहुगा : जीतन राम मांझी



न्यूज12 भारत संवाददता

गया। गया सांसद जीतन राम मांझी मंत्री बनने पर गया स्टेशन पर हम के नेता ने जोरदार स्वागत किया गया।वही गया के अतिथि भवन में कार्यकर्ता ने फुल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया है। सांसद के बाद लधु उधौग एवं सूक्ष्म लधु मंत्री बनाया गया है।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय सदस्य इंद्रेश के बयान पर बिहार मे सियासत तेज हो गई है।आज दिल्ली से गया आए केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने मिडिया से कहा की सबका अपना अपना नजरिया है रोक कहा दिया है हमको भी काम करने का मोका मिला है।गया शहर होने वाला बिहार को पहला मुख्यमंत्री का सोभाग्य मिला था।इसी तरह गया शहर को पहला केबिनेट मंत्री बनने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो विभाग दिया है तो कहा है कि हमने आपको विजन दिया है।इस विभाग की समिक्षा किया तो पता चला की यह बहुत बढा विभाग है और इसको बेहतर करके मुझे दिखाना है इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हैं गया के विकास ज्यादा से ज्यादा हो लोगों को सरकार की योजना का लाभ मिले इसके लिए मेरा पुरा प्रयास करते रहेंगे ।तिन सो से उपर नंबर चला जा गया है। दो बार से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो काम किया है उससे भी बढ़कर इस बार काम करने का प्रतिज्ञा लिया गया है। 2029 तक भारत की अर्थव्यवस्था देश के तीसरे पायदान पर आ चुकी है। इसमें कही रुकावट की बात नही है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार अल्पमत की नही बहुमत की सरकार है कुछ विपक्षी लोग अलग अलग कयास लगा रहे हैं।जिनके पास कोई काम बचा नही है वही यह लोगों के बिच भ्रम पैदा कर रहे हैं।जिसकी जैसी भावना रहती है प्रभु मूरत देखी तिन तैसी,देश की जनता हमलोगो को काम करने के लिए बहुमत दिया है।

## झारखंड में बालू उठाव पर जल्द सरकार को निर्णय लेना चाहिए : ब्रजेंद्र सिंह

न्यूज12 भारत संवाददता



धनबाद । झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष सह उपाध्यक्ष झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने आज कहा है कि पूरे राज्य में बालू की काफी किल्लत हो गई है जिससे सरकारी कार्यों के साथ-साथ सड़क निर्माण भवन निर्माणके साथ साथ आम जनता के काम में आने वाले बालू के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।

क्योंकि पिछले लगभग एक वर्ष से ज्यादा से पूरे राज्य में बालू के लिए जनता के साथ-साथ सरकार के दूसरे एजेंसियां भी परेशान है जब तक सरकार के द्वारा कोई नीति नहीं बनाई जाती है या घाटों की नीलामी नहीं होती है तब तक जिला के उपायुक्तों के माध्यम से टेंपरेरी व्यवस्था कुछ कराई जाए । अन्यथा झारखंड का विकास रोकने में बालू का भी बहुत बड़ा योगदान हो जाएगा बालू की कमी होने से पूरी राज्य में के हर जिलों में बड़े पैमाने पर बालू की चोरी हो रही है जिससे सरकार का राजस्व भी मारी जा रही है.

## 5000 आबादी पिछले दो माह से झेल रहे हैं पेट वाटर की समस्या



न्यूज12 भारत संवाददता

तिसरा।लोदना क्षेत्र के गोल्डन पहाड़ी की 5000 आबादी पिछले दो माह से पेट वाटर की समस्या झेल रहे हैं! शुक्रवार की सुबह दर्जनों की संख्या में ग्रामीण नॉर्थ तिसरा परियोजना पहुंच गए! प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने लगे! परियोजना जाने वाली मुख्य मार्ग को जाम कर दिया! 2 घंटे बाद प्रबंधक डीके माजी पहुंचे! आंदोलन कर रहे ग्रामीणों से कहा कि आपकी जो भी समस्या है उसका समाधान होगा! वार्ता के लिए नॉर्थ तिसरा कार्यालय ग्रामीणों को बुलाया गया! वार्ता के दौरान तय हुआ कि एक सप्ताह के अंदर पाइपलाइन जो बिछाने का काम किया जा रहा है उसे पूरा कर लिया जाएगा और पीट वाटर की कमी नहीं होगी! तब जाकर आंदोलन समाप्त हुआ! वार्ता के दौरान ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि एक सप्ताह के अंदर यदि प्रबंधन पाइपलाइन जोड़कर पानी देने का काम नहीं करेगी तो परियोजना का चक्का जाम किया जाएगा!

वार्ता में प्रबंधन की ओर से डी के माज़ी अभियंता हिमांशु कुमार तथा ग्रामीणों में शिवकुमार सिंह नरेंद्र सिंह पीके मित्रा रामेश्वर सिंह जितेंद्र निषाद नरेश साव आदि शामिल थे!

## कल से बदल सकता है मौसम का मिजाज, रेड अलर्ट



न्यूज12 भारत संवाददता

रांची सहित पूरे राज्य में गर्मी से राहत नहीं है। मौसम विभाग ने आज भी कई जिलों में हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। इनमें राज्य के उत्तर-पश्चिमी और दक्षिणी पूर्वी इलाका शामिल है। गढ़वा, पलामू और सरायकेला में सबसे ज्यादा हीटवेव का खतरा है। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। राज्य के उत्तर पश्चिमी भाग में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। कल से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। उत्तर पूर्वी, मध्य और दक्षिणी भाग में बारिश के आसार है। मौसम विभाग के अनुसार 16 जून को राज्य में मानसून दस्तक दे सकता है। 16 जून के बाद पूरे राज्य में बादल छाए रहेंगे। तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा तापमान 45.6 डिग्री डाल्टनगंज में दर्ज किया गया। 9 जिलों में 42 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया।

## स्क्रेप कारोबारी ने की खुदकुशी, सुसाइड नोट में कई राज दफन

न्यूज12 भारत संवाददता

धनबाद : कोयलांचल धनबाद में एक स्क्रेप कारोबारी की डिप्रेशन में आकर सुसाइड करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। कारोबारी ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है जिसमें कोलांचल में स्क्रेप कारोबार से जुड़े सिंडिकेट कारोबारी गोल्डन जीतू समेत कई लोगों के नाम है और उन्हीं लोगों पर प्रताड़ित करने का आरोप परिजनों ने लगाया है। फिलहाल घटनास्थल पर स्थानीय बरवा अड्डा थाने की पुलिस पहुंच गई है और मामले की छानबीन में जुट गयी है।मृतक कारोबारी जमाल मियां के रिश्तेदारों ने आरोप लगाया है कि लंबे समय से उनका परिवार स्क्रेप कारोबार से जुड़ा रहा है पूर्व में वह लोग सिंडिकेट के माध्यम से कारोबार करते थे। सिंडिकेट में शामिल होने



का दबाव बनाया जा रहा था लेकिन पिछले कुछ महीनो से इंडिविजुअल कारोबार कर रहे थे। इस बीच बार-बार सिंडिकेट के सदस्यों का फोन आ रहा था और उन्हें सिंडिकेट में शामिल होने का दबाव दिया जा रहा था। कई दफा अपराधी किस्म के लोगों का भी फोन आया और उनसे रंगदारी की मांग की गई। इस वजह से वह डिप्रेशन में चले गए थे और यही वजह है कि उन्होंने सुसाइड की घटना को अंजाम दिया है। पूरे मामले में परिजनों ने पुलिस से निष्पक्ष जांच कर कार्यवाई की मांग की है ताकि वे लोग जो इस घटना के पीछे शामिल है उन्हें सजा मिल सके। पुलिस जुटी जांच में वहीं पूरे मामले में बरवाअड्डा थानेदार सुनील कुमार रवि ने बताया कि सुसाइड की सूचना पर वह यहां पहुंचे हैं मामले की जांच पड़ताल कर रहे हैं और एक सुसाइड नोट भी जब्त हुआ है। परिजनों ने जो आरोप लगाया है उसे पर जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई की जाएगी। कोयलांचल में न सिर्फ कोयला बल्कि स्क्रेप के कारोबार में सिंडिकेट का बोलबाला है। आज सुसाइड नोट के साथ-साथ पूरे घटनाक्रम की ठीक से जांच हो तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा और वैसे लोग जो इस घटना के पीछे शामिल होंगे वह भी न सिर्फ बेनकाब होंगे बल्कि सलाखों के पीछे भी जाएंगे।

# किसानों के 2 लाख रुपये तक के ऋण होंगे माफ : श्री बादल

- कृषि मंत्री बनते ही किया था किसानों के 50 हजार तक के ऋण माफ
- मृतक किसानों के ऋण भी बिना केवाईसी के होंगे माफ
- किसानों के एनपीए लोन को भी सरकार करेगी माफ, बैंकों से मांगा गया प्रस्ताव
- राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति के पदाधिकारियों के साथ कृषि मंत्री श्री बादल ने की बैठक

न्यूज12 भारत संवाददता

रांचीः कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री श्री बादल ने कहा है कि किसानों के दो लाख रुपये तक के लोन माफ किये जाएंगे। इसके लिए उन्होंने सभी बैंकों से प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा है। 31 मार्च 2020 तक किसानों द्वारा लिया गया 50 हजार से लेकर दो लाख तक के ऋण को वन टाईम सेंटलमेंट के माध्यम से माफ किये जायेंगे। इसके लिये सभी बैंकों से प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। वह आज नेपाल हाउस स्थित सभागार में राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति के पदाधिकारियों के साथ केसीसी लोन सहित



कृषि कार्य के लिए किसानों द्वारा लिए गये ऋण की माफी योजना को लेकर बैठक कर रहे थे। मंत्री ने बैठक में बताया कि राज्य सरकार ने अपने वादे के मुताबिक ऐसे किसानों को राहत दी है, जो बैंक ऋण की वजह से चिंताग्रस्त रहते थे। राज्य के करीब 4 लाख 73 हजार से ज्यादा किसानों के 50 हजार रुपये तक के ऋण माफ किये जा चुके हैं। इस मद में सरकार द्वारा 1900 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि बैंकों को दी गयी है। विदित हो कि 2021-22 में सरकार ने किसानों को राहत देने के मकसद से 50 हजार रुपये तक की राशि के ऋण को माफ करने की घोषणा की थी। अपने वादे के मुताबिक सरकार ने वैसे सभी आवेदनों का निष्पादन कर लिया है, जिनकी केवाईसी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि बहुराज्यीय भूमि सहकारी विकास बैंक समिति, पटना के 10 हजार ऋणी किसानों के कर्ज माफ करने पर विचार किया गया। लोन लेने वाले एससी/एसटी और कमजोर वर्ग के किसानों के ऋण माफ किये जाने का निर्णय भी बैठक में लिया गया। साथ ही देवघर को-ऑपरेटिव ग्रेन बैंक, लिमिटेड, देवघर द्वारा 14 हजार 346 ऋणी किसानों के कर्ज को भी माफ करने पर विचार किया गया। श्री बादल ने सभी बैंकों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वैसे किसानों के खाते, जो एनपीए हो चुके हैं, उन खातों को बंद करने के लिए राज्य सरकार के पास प्रस्ताव भेजें, ताकि किसानों को ऋणमुक्त किया जा सके। श्री बादल ने कहा कि ऐसे ऋणी, जिनकी मौत हो चुकी है तथा जिनके खाते एनपीए हो गये हैं, वैसे किसानों के लिए सक्षम साक्ष्य प्रस्तुत करने के उपरांत उन्हें भी बिना केवाईसी के लाभुकों की श्रेणी में शामिल किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से विकास आयुक्त अविनाश कुमार, योजना एवं विकास विभाग के प्रधान सचिव मस्तराम मीणा, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दिकी सहित राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस के नेतागण, विधायक, पदाधिकारी बलौदाबाजार घटनास्थल का निरीक्षण करने गये

- कांग्रेस नेताओं ने प्रभावितों, नागरिकों से मुलाकात किया
- प्रदेश में बिगड़ी कानून व्यवस्था सरकार दे इस्तीफा - कांग्रेस

न्यूज12 भारत संवाददता

रायपुर/14 जून 2024। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ वरिष्ठ नेता गण, विधायक, बलौदाबाजार के कलेक्टर और एसपी कार्यालय का निरीक्षण करने गये। जलाये गये जिलाधीश कार्यालय और एसपी कार्यालय का निरीक्षण करने के बाद कांग्रेस नेताओं ने बलौदाबाजार के प्रभावितों, सतनामी समाज के लोगों, चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल तथा सर्व समाज के लोगों से भी मुलाकात किया तथा घटनाक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी लिया। लोगों ने बताया कि यदि सरकार सतर्कता बरतती तो यह घटना रोकी जा सकती थी। प्रदेश भर से तथा प्रदेश के बाहर से भी लोग आये थे। रैली जहां से शुरू हुई थी वहीं से उपद्रव शुरू हो गया था लेकिन प्रशासन से भीड़ को नियंत्रित करने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।



लोगों से मिलने के बाद कांग्रेस भवन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पत्रकारों को संबोधित भी किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा को सीबीआई जांच पर बहुत ज्यादा भरोसा है। सतनामी समाज के लोग घटना सीबीआई जांच की मांग कर रहे है। सरकार ने अनेको मामलों की सीबीआई जांच करवाया है। इस मामले की जांच कराने में क्या दिक्कत है? किसको बचाने के लिये सरकार सीबीआई जांच से घबरा रही है। सरकार सतर्कता और सावधानी बरतती तो इतनी बड़ी घटना घटित नहीं होती। बलौदाबाजार में जिलाधीश एवं पुलिस अधिक्षक कार्यालय के साथ सैकड़ो वाहनों को जलाये जाने की घटना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा से सरकार नहीं संभल रही है। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने बलौदाबाजार की घटना की तुलना मणिपुर से करते हुए कहा कि जहां जहां भाजपा की सरकार है उन प्रदेशो में ला एंड ऑर्डर नाम की कोई चीज ही नही होती।

उन्होंने पुलिस की कार्यवाही पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि सतनामी समाज के बहुत से लोग इस घटना के बाद लापता है उनके घरवाले भी नही जानते वो कहा है पुलिस विभाग दोषियों पर कानून सम्मत कड़ी कार्यवाही करे किंतु बर्बरता पूर्वक मारपीट के जो फ़ोटो और वीडियो आ रहे है वो भयावह है। साथ ही जिनकी गिरफ्तारी हुई उनके नाम बताये जाने चाहिए। प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि यह सरकार की सबसे बड़ी नाकामी है और अब अपनी नाकामी को छुपाने के लिये असली अपराधियो को छोड़ निर्दोष लोगों पर कार्यवाही कर रही है। घटना के दिन से गायब 250 लोग कहां है सरकार बतायें?

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा एक महीने पहले घटना हुई थी दोषियों पर कार्यवाही क्यों नहीं की गयी? समाज के लोगों के साथ बैठकर समाधान क्यों नहीं निकाला गया? देश के इतिहास में संभवतः ऐसा पहली बार हुआ है कि एसपी एवं कलेक्टर के कार्यालय को भीड़ ने जला दिया। कलेक्टर एवं एसपी को पीछे के दरवाजे से भागना पड़ा हो। यह घटना सरकार के एंटलीजेंस फेलीयर का परिणाम है। घटना के बाद लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है जो लोग किन्हीं अन्य कारणों से बलौदाबाजार घूमने आये थे उनको अपराधी बनाया जा रहा। अनेकों लोग लापता है अभी तक पुलिस गिरफ्तार लोगों की सूची सार्वजनिक नहीं कर रही है। नागपुर से भी बड़ी संख्या में लोग रैली में शामिल होने आये थे वे कौन लोग थे? उनके बारे में पुलिस क्यों मौन है? यह घटना सरकार की बड़ी विफलता है। मुख्यमंत्री तत्काल अपने पद से इस्तीफा दें। राज्यपाल बिगड़ती कानून व्यवस्था के कारण राज्य सरकार को भंग करें। यह सरकार की सबसे बड़ी नाकामी है। जिन अधिकारियों के ऊपर जिले में कानून व्यवस्था कायम रखने की जिम्मेदारी होती है जिन्हें सरकार के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने की जिम्मेदारी होती है वही लोग आगजनी और तोड़फोड़ के दौरान पीछे के दरवाजे से निकल जाये ऐसा पहले नही देखा गया धरना स्थल और कलेक्ट्रेट परिसर की दूरी मात्र 2 किलोमीटर है और जब भीड़ का दबाव इतना ज्यादा बढ़ रहा था तो पुलिस बल बढ़ाने के बजाए इनलोगो ने पलायन करने का रास्ता चुना स्थानीय लोगो ने बताया कि बड़ी संख्या में महाराष्ट्र प्रदेश की गाड़ियां आई थी उपद्रवी लोग अपने साथ लाठी डंडे और पत्थर लेकर आये ये इस सरकार के इंटेलिजेंस की बड़ी विफलता है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि साय सरकार की अकर्मण्यता के चलते ही बलौदाबाजार में कानून व्यवस्था बिगड़ी है। यदि समय रहते जैतखाम को क्षति पहुंचाने वालों पर कार्यवाही की गई होती और आहत समाज से संवाद किया गया होता तो ऐसी अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं होती। धार्मिक भावनाएं आहत होने पर आंदोलित समाज को विश्वास में लिया गया होता तो ऐसे विध्वंसक प्रतिक्रिया नहीं होती। मुख्यमंत्री अपने पद से इस्तीफा दें। सरकार जनता का भरोसा खो चुकी है ऐसी सरकार से हम इस्तीफा की मांग करते है साथ ही इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग करते है।

वरिष्ठ कांगेस नेतागण धनेन्द्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, विधायकगण कवासी लखमा, उमेश पटेल, लखेश्वर बघेल, अनिला भेड़िया, संगीता सिन्हा, हर्षिता बघेल, उत्तरी जांगड़े, द्वारिकाधीश यादव, शेषराज हरबंश, अटल श्रीवास्तव, ओंकार साहू, इंद्र साव, संदीप साहू, कुवर सिंह निषाद, भोलाराम साहू, कविता प्राणलहरे, दिलीप लहरिया, अंबिका मरकाम, विद्यावती सिदार, सावित्री मंडावी, देवेन्द्र यादव, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेदू, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, पूर्व विधायकगण गुरूमुख सिंह होरा, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत भुवनेश्वर बघेल, रश्मि सिंह, प्रतिमा चंद्राकर, निर्मल कोसरे वार रूम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, कांग्रेस नेता महेन्द्र छाबड़ा, प्रदेश कांग्रेस महामंत्रीगण सुबोध हरितवाल, दीपक दुबे, दीपक मिश्रा, कन्हैया अग्रवाल, सुरेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र शुक्ला, विद्याभूषण शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष पी.आर. खुंटे, प्रदेश कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र वर्मा, शिव सिंह ठाकुर, अभय नारायण प्रमोद नायक जिला अध्यक्ष गण हितेन्द्र ठाकुर, गिरीश दुबे, प्रदेश प्रवक्ता अल्पसंख्यक विभाग रवि कुमार सोनकर उधोराम वर्मा, पदम कोठारी सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## गया के मेयर पर अनुसूचित जाति का फायदा उठाने का लगा आरोप

- पूर्व विधायक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा विभाग ने जांच में किया है उदभेदन

न्यूज12 भारत संवाददता



गया : पूर्व विधायक व भाजपा नेता श्यामदेव पासवान ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि गया के मेयर वीरेंद्र कुमार ने गलत कागज पर अनुसूचित जाति का फायदा उठाया है। श्यामदेव पासवान गया के मेयर पद के लिए उम्मीदवार भी रह चुके हैं। उन्होंने बताया कि मेयर के द्वारा अनुसूचित जाति के दावे को प्रशासनिक जांच में खारिज कर दिया गया। इसका फैसला चुनाव आयोग को के द्वारा 18 तारीख को करना है। मालूम हो कि श्यामदेव पासवान के द्वारा मेयर के खिलाफ आवेदन दिया गया था कि मेयर अनुसूचित जाति के नहीं है और गलत कागज पर चुनाव लड़ा है। जिसकी जांच पिछले वर्ष ही शुरू हुई थी। सामान्य प्रशासन विभाग कमजोर वर्ग अपराध अनुसंधान विभाग ने गहनता से जांच कर उनकी जाति को स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट के 12 नंबर के बिंदु में साफ तौर पर कहा गया है कि अपराध अनुसंधान विभाग व सामान्य समिति के सभी सदस्यों के जांच प्रतिवेदन के तथ्यों को खारिज करने का कोई सटीक साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया जा सका। उन्होंने डीएम व नगर आयुक्त को पत्र देकर चुनाव आयोग के फैसले तक किसी तरह की महत्वपूर्ण बैठक नहीं आयोजित करने का आग्रह किया है। प्रेस वार्ता में वार्ड पार्षद राहुल कुमार, धनंजय कुमार उर्फ विक्की शर्मा, आकाश पासवान उर्फ भंटा पासवान आदि मौजूद थे।

# ज्योतिर्मठ के नाम से जाना जाएगा चमोली का जोशीमठ

## कोश्याकुटोली को भी अब श्री कैंचीधाम से पुकारे जाएंगे

न्यूज़ 12 भारत




चकाई : चमोली जिले की जोशीमठ तहसील को अब उसके प्राचीन नाम ज्योतिर्मठ से जाना जाएगा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बीते वर्ष चमोली जिले के घाट में आयोजित कार्यक्रम में जोशीमठ का नाम बदलकर ज्योतिर्मठ करने की घोषणा की थी अंकित करने वाली बात है कि स्थानीय जनता लंबे समय से जोशीमठ को ज्योतिर्मठ नाम दिए जाने की मांग कर रही थी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सामने भी यह मांग प्रमुखता से उठाई गई थी मुख्यमंत्री धामी ने इसे गंभीरता से लेते हए नाम परिवर्तन का फैसला लिया।मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप प्रस्ताव बनाकर भारत सरकार को भेज दिया गया था अब केंद्र ने ज्योतिर्मठ तहसील के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है सरकार के फैसले का स्थानीय जनता ने स्वागत किया है मान्यता है कि 08 वीं सदी में आदि गुरु शंकराचार्य इस क्षेत्र में आए थे उन्होंने अमर कल्प वृक्ष के नीचे तपस्या की थी जिससे उन्हें दिव्य ज्ञान ज्योति की प्राप्ति हुई थी दिव्य ज्ञान ज्योति और ज्योतेश्वर महादेव की वजह से इस स्थान को ज्योतिर्मठ का नाम दिया गया लेकिन यह जोशीमठ के नाम से ही प्रचलित हो गया इसके बाद नाम बदलने की मांग कई बार प्रमुखता से उठी लेकिन इस पर अमल नहीं हो सका उधर नैनीताल की कोश्याकुटोली को अब परगना श्री कैंचीधाम तहसील के नाम से जाना जाएगा केंद्र सरकार ने राज्य की ओर से भेजे गए तहसील नाम परिवर्तन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है क्षेत्रीय जनता और बाबा नीब करौरी महाराज के भक्तों ने सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री धामी के प्रति आभार जताया है सीएम धामी ने बीते वर्ष कैंची धाम मंदिर के स्थापना दिवस 15 जून के मौके पर कोश्याकुटोली तहसील को श्री कैंचीधाम के नाम पर करने की घोषणा की थी इसके लिए केंद्र को प्रस्ताव भेजा गया था। केंद्र ने सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद कोश्याकुटोली तहसील का नाम बदलकर परगना श्री कैंचीधाम तहसील करने की मंजूरी दे दी है कैंची धाम को मानसखंड मंदिर माला मिशन में भी शामिल किया गया है

## रक्त की क्रांति अलख जगाने वाले एवं रक्त वाहन लाने वाले हैं अनंत धीश अमन

न्यूज़ 12 भारत



गया। गया मगध की धरती मे रक्त क्रांति कि अलख जगाने वाले रक्त के लिए लोगों को जागरुक करने वाले आगे से नही पिछे रहते हुए भी रक्त दान कि अलख जगाने वाले अनंत धीश अमन है। अनंत धीश अमन के पहल पर बिहार सरकार ने गया जिला को ब्लड बैक वाहन उपलब्ध करवाई गयी,जो पुरी पहल अनंत धीश अमन को जाती है।आज रक्तदान दिवस पर अनंत धीश अमन ने कहा कि रक्तदान महादान है मानवता का भाव इसमे निहित है इससे यह प्रेरित होता है की हम मनुष्य के अंदर संवेदना है।किसी की जीवन बचाकर रक्तदान करने वाले को क्या संतुष्टि मिलती है यह दुसरा नही समझ सकता है यह एक क्रांति अलख जगाने वाले ही समझ सकता है। अनंत धीश अमन पिछले कई वर्षों से रक्तदान करते आ रहे हैं और लोगों के अंदर रक्तदान करने के लिए जागरुकता का काम करते आ रहे हैं। अनंत धीश अमन के प्रयास से एक फोन पर अमन ने लोगों की जान बचाने का काम किए हैं।इनका पुरा प्रयास रहता है कि मगध प्रमंडल में अनगिनत लोग के जान बचाने के काम आए हैं। इनका शहीद भगत सिंह यूथ बिग्रेड के सोनी कुमार वर्मा के साथ भी पुरा सहयोग रहता है, कई स्थानो पर ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन होता रहता है जिसमें अनंत धीश अमन का पुरा सहयोग और मार्गदर्शन रहता है। जिससे शहीद भगत सिंह यूथ बिग्रेड कई वर्षों में कई कीर्तिमान गढ़ने का काम किया है और आगे कई कीर्तिमान गढ़ने का काम करता रहेगा। इसका मुख्य कारण सभी साथियों का निस्वार्थ भाव से नर से नारायण सेवा भाव का संकल्प निहित है।

# रक्तदान जन सेवा समिति को स्वास्थ्य मंत्री ने किया सम्मानित

## पूरे बिहार में समिति ने पाया चौथा स्थान और जिले में पहला

बिहार औरंगाबाद से धर्मेन्द्र गुप्ता



विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा पटना के SIHFW भवन शेखपुरा में एक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें औरंगाबाद जिले के रक्तदान जन सेवा समिति के अध्यक्ष राहुल राज को लगातार चौथी बार सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पूरे बिहार में चौथा स्थान और औरंगाबाद जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे के द्वारा मोमेंटो देकर दिया गया। जानकारी के अनुसार 14 जून को हर वर्ष विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। इस दिन रक्तदान के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले पूरे बिहार के संस्थाओं, रक्तदाताओं समेत अन्य लोगों को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है ताकि और भी लोग अपना रक्तदान कर जरूरतमंदों के जीवन बचाने में सहयोग करें।

बताते चले कि रक्तदान जन सेवा समिति जिले वासियों के लिए एक संजीवनी जैसा का काम कर रही है। अनेको जरूरतमंदों को ब्लड उपलब्ध कराकर जिंदगीया बचाती है।

रक्तदान जन सेवा समिति के अध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि औरंगाबाद में अधिक से अधिक जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध करवाने का प्रयास हमारी संस्था करती है। इसके साथ ही जिले में स्वैच्छिक रक्तदान में भी सबसे आगे हमारी संस्था नजर आती है।

सम्मान ग्रहण करने के बाद राहुल राज ने बताया कि औरंगाबाद जिले के लिए यह गौरवपूर्ण पल है । जहां चौथी बार रक्तदान के लिए औरंगाबाद के रक्त वीरों की संस्था रक्तदान जन सेवा समिति को सम्मानित किया गया। गर्व है कि इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनने का सौभाग्य हमे मिला। बताया कि सम्मान मिलने के बाद उस कार्य के प्रति जिम्मेदारी और बढ़ जाती है।

इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## आशीष सिंह सूर्यवंशी ने नवनियुक्त कोयला मंत्री जी रेड्डी से मुलाकात कर झरिया पुनर्वास एवं प्रदूषण नियंत्रण के लिए सौपा ज्ञापन

न्यूज12 भारत संवाददता



सिंदरी । सिंदरी निवासी एवं युवा सदन के आशीष सिंह सूर्यवंशी ने अपने टीम के सक्रिय सदस्य अंकित शुक्ला एवं धर्मेश मालवीय के साथ राजधानी दिल्ली में भारत सरकार के नवनियुक्त कोयला एवं खान मंत्री जी० किशन रेड्डी जी से शिष्टाचार मुलाकात कर झरिया पुनर्वास एवं झरिया प्रदूषण नियंत्रण के विषय पर बातचीत की है और ज्ञापन सौंपा है।

उन्होंने मंत्री को बताया कि झरिया की लगभग 6 से 7 लाख की आबादी भूस्खलन वाले क्षेत्र में निवास कर रही है जहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। भूमिगत कोयले में लगी 100 वर्षों पुरानी आग आज तक नहीं बुझाई जा सकी है और पूरा झरिया खोखला हो चुका है इसके बावजूद भी लोग इस खतरनाक जोन में रहने को विवश है।

उन्होंने मंत्री को दिए गए आवेदन में लिखा है की बीसीसीएल, सीआईएल तथा जिला प्रशासन के नेतृत्व में गठित 'झरिया रूरल डेवलपमेंट अथॉरिटी' द्वारा झरिया पुनर्वास योजना बनाई तो गई थी लेकिन यह धरातल पर अमल नहीं हो पा रही है। लोग बलगडिया जैसे मूलभूत सुविधाओं से वंचित तथा रोजगार विहीन क्षेत्र में प्रवास नहीं करना चाहते हैं, क्योंकि वहां आजीविका और व्यवसाय का कोई स्रोत नहीं है।

आशीष ने मंत्री के समक्ष अपना सुझाव पक्ष रखते हुए कहा की झरिया के लोगों को भूलि टाउनशिप एरिया तथा धनबाद कोयला नगर में बीसीसीएल द्वारा लगभग 20 से 30 एकड़ भूमि खंड पर निर्मित जर्जर हो चुके 5000 आवासों को पुनर्विकसित करते हुए झरिया के बहुत से परिवारों को उस स्थान पर सुरक्षित पुनर्वास करवाया जा सकता है, यह स्थान बड़े बाजार से बहुत करीब है और लोगों के लिए व्यवसाय करने तथा अपना आजीविका चलाने की दृष्टिकोण से सबसे उपयुक्त स्थल है।

उन्होंने मंत्री को बताया कि यहां आए दिन भूस्खलन की घटनाएं होती रहती हैं और भूस्खलन में लोगों की मृत्यु आम बात है। झरिया में बढ़ते प्रदूषण और प्रदूषण जनित रोगों का कारण उन्होंने भारत कोकिंग कोल लिमिटेड को बताया है, उन्होंने लिखा है कि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड नियमों का अनुपालन नहीं करवा पाती है. यहां आउटसोर्सिंग पर भी लगाम नहीं है।

उन्होंने मंत्री से अनुरोध किया है कि किसी बड़े हादसे से पहले झरिया के लोगों को सुरक्षित और रोजगार परक स्थान पर पुनर्वासित किया जाए तथा झरिया प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में भी ठोस पहल करें। मंत्री ने पत्र को स्वीकार करते हुए आशीष को आश्वासन दिया है कि वह इस विषय पर विचार करेंगे।

# चलंत लोक अदालत की टीम टिकारी अनुमंडल एवम सदर अनुमंडल पहुंची, कुल 32 मामलों का हुआ निष्पादन...

न्यूज12 भारत संवाददता

टिकारी अनुमंडल एवम सदर अनुमंडल स्तर पर शुक्रवार को बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा चलंत लोक अदालत का आयोजन किया गया। न्यायाधीश मृत्युंजय कुमार सिंह, अधिवक्ता अरविंद कुमार झा, सामाजिक कार्यकर्ता शारदा कुमारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गया से विकास कुमार, हारून रशीद भी उपस्थित रहे । चलंत लोक अदालत का उद्देश्य पात्र व्यक्तियों को विधिक सेवा उपलब्ध कराना, सुलह समझौते के माध्यम से विवादों का निपटारा कराना, विधिक सेवा उपलब्ध कराने हेतु, ग्रामीण क्षेत्रों, कमजोर वर्गों को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी देना, विधिक शिविरों का आयोजन करना, पारिवारिक विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निपटारा करना चलंत



लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है। लोक अदालत द्वारा मुकदमों के निपटारा में फायदे वकील पर खर्च नही होता, कोर्ट फीस नही लगता, पुराने मुकदमे की कोर्ट फीस वापस हो जाती है, किसी पक्ष को सजा नही होता मामले को बातचीत द्वास सुलह से हल का लिया जाता है। मुआवजा और हर्जाना तुरंत मिल जाता है। मामले का निपटारा तुरंत हो जाता है। आसानी से न्याय मिल जाता है। फैसला अंतिम होता है। फैसला के विरुद्ध कहीं अपील नहीं होती है। चलंत लोक अदालत में कुल 32 मामले का निष्पादन किया गया। इस मौके पर के अतिरिक्त अपर अनुमंडल पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी टिकारी,प्रखंड विकास पदाधिकारी टिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह नगर, शंभू मंडल कार्यपालक दंडाधिकारी नगर, सीओ परैया, कोंच,प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी टिकारी, परैया, फतेहपुर,सरपंच , न्याय मित्र,मुखिया,एवम जनता मौजूद थे।

# भाजपा द्वारा बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर विद्युत महाप्रबंधक कार्यालय का किया घेराव

न्यूज12 भारत संवाददता




धनबाद : धनबाद के सभी क्षेत्रों में बिजली की लचर व्यवस्था के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत धनबाद विधायक राज सिन्हा के नेतृत्व में विशाल प्रदर्शन एवं विद्युत महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव किया गया। स्थानीय रणधीर वर्मा स्टेडियम से हजारों की संख्या में जिसमें महिला एवं पुरुष शामिल थे, जुलूस , कंबाइंड बिल्डिंग के लिए निकला पूरे रास्ते में चलते हुए कार्यकर्ता बिजली पानी दे ना सके वह सरकार निकम्मी है, जो सरकार निकम्मी है वह सरकार बदलनी है। झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन हाय- हाय, धनबाद के साथ सौतेला व्यवहार बंद करो आदि नारे लगा रहे थे। कंबाइंड बिल्डिंग के नीचे के मुख्य द्वार को पहले से जिला प्रशासन द्वारा बंद कर रखा गया था। मुख्य द्वार पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल तैनात थी विधायक राज सिन्हा जिला अध्यक्ष , श्रवण राय एवं सभी कार्यकर्ताओं को रोकने का प्रयास किया गया। जिससे थोड़ी देर के लिए कुछ कार्यकर्ताओं से पुलिस प्रशासन से बहस भी हुई। तीखी तकरार पर गेट प्रशासन द्वारा खोला गया। विधायक राज सिन्हा के साथ सभी हजारों कार्यकर्ता प्रथम तल्ले पर स्थित (जेबीवीएनएल ) विद्युत महा प्रबंधक के कार्यालय के बरामदे में पहुंचे.जिला प्रशासन एवं विद्युत विभाग जेबीवीएनएल के पदाधिकारियों के द्वारा विधायक राज सिन्हा को चेंबर में बैठकर बात करने का आग्रह किया गया परंतु विधायक ने साफ मना कर दिया, कहा कि आम जनता इस भीषण गर्मी में विधुत संकट से कराह रही है ऐसे मैं भी बाहर ही रहूँगा, विधायक राज सिन्हा,भाजपा जिला महानगर अध्यक्ष सरवन राय, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र हंसदा, कन्हैया पांडे, महेंद्र शर्मा,महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रीता यादव, महामंत्री रविंद्र सिन्हा,भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमलेश सिंह ,सभी मंडल अध्यक्ष सहित उपस्थित हजारो कार्यकर्ता विद्युत महा प्रबंधक कार्यालय के बाहर नीचे जमीन पर ही बैठ गए एवं जोरदार घेराव किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की बिजली समस्या एवं बिजली समस्या के वजह से पानी की समस्या का आक्रोश सभी ने नारे लगाकर प्रदर्शित किया। करीब 1 घंटे तक विद्युत महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव किया गया तत्पश्चात मजबूरन विद्युत महाप्रबंधक अशोक कुमार सिंह अधीक्षण अभियंता एवं जेबीवीएनएल के पदाधिकारीओ ने नीचे ही बैठकर वार्ता शुरू की, धनबाद श्री सिन्हा , स्पष्ट शब्दों में कहां की धनबाद की इस भीषण गर्मी में एवं कुछ ही दिनों में बारिश भी शुरू होने वाली है निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए जो आवश्यक कार्य हैं उन्हें गंभीरता पूर्वक विभाग को ससमय करना होगा।वार्ता सकारात्मक रही विधायक श्री सिन्हा ने जो मांगे रखी वह निम्न प्रकार से है 1. धनबाद में 20 घंटा , अ बाधित बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाएगा ।2.वैसे क्षेत्र जहां ट्रांसफार्मर में अधिक भार है उसे चिन्हित कर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर अधिष्ठापन अविलंब किया जाएगा। 3.मानव बल की कमी की पूर्ति हेतु निगम के निर्देशानुसार आवश्यक कार्रवाई अविलंब की जाएगी 4. मरम्मती कार्य हेतु ली जाने वाली शटडाउन को नियमित किया जाएगा तथा यथासंभव स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाएगा । 5.उपभोक्ता के मीटर में वास्तविक पाठन से अधिक खपत की त्रुटि पूर्ण विपत्र की शिकायतों को निगम के नियमानुसार त्वरित किया जाएगा 6.नए मीटर में आए अधिक पाठन की शिकायत की जांच निगम के पदाधिकारी कर्मियों द्वारा शिकायत प्राप्त होने पर की जाएगी 7.नए विद्युत संबंध हेतु प्राप्त आवेदन को निगम के नियम अनुसार एक महीना के भीतर विद्युत संबंध मुहैया करा दी जाएगी। 8.सभी मोहल्ले में विद्युत संबंधी शिकायत हेतु कैंप का आयोजन किया जाएगा । 9.फुटपाथ दुकानदार को औप बंधिक विद्युत संबंध हेतु निगम के नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। 10.भूली क्षेत्र में नए विद्युत संबंध लेने वाले इच्छुक उपभोक्ताओं को निगम नियमानुसार विद्युत संबंध दिया जाएगा। 11.विद्युत संबंध को पूर्ण रूपेण विच्छेद करने वाले उपभोक्ताओं का प्रतिभूति राशि को निगम के नियम अनुसार भुगतान की जाएगी12. विद्युत उपभोक्ताओं का शिकायत उपभोक्ता गण संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय के पदाधिकारी को फोन पर या व्हाट्सएप पर दर्ज करा सकते हैं। इन सभी बिंदुओं पे विधुत विभाग द्वारा पूर्ण रूपेण सहमती दी गई, सभी मांगे मान ली गई।आज आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महानगर अध्यक्ष सरवन राय, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र हाँसदा, कन्हैया पांडे ,महेंद्र शर्मा , भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमलेश सिंह, रविंद्र सिन्हा, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रीता यादव, मंडल अध्यक्ष सुमन सिंह, आनंद खंडेलवाल, मौसम सिंह, निर्मल प्रधान, विकाश मिश्रा, मुखिया रमेश सिंह, पार्षद बिल्लू सिंह,मनोज मालाकार, पंकज सिन्हा,सत्येंद्र ओझा, पुरुषोत्तम रंजन, तमाल राय, पिंटू सिंह, मुकेश पांडेय, प्रमोद कुमार मंडल, किरण सिंह, दिलीप सिंह, छोटू कुमार दास, परेश मुर्मू, रोहित ,भागीरथ दास, उमेश सिंह, मनमोहन सिंह, राजा राजपाल, अरुण सिंह, जितेंद्र कुमार, उमेश सिंह, विजय सिंह, मुकेश चौधरी, श्यामल राहा, बालमुकुंद राम, राम शर्मा, दिनेश दीवान, संदीप कुमार, चंदन राय, विकास मिश्रा, टिंकू साव, रामचंद्र पंडित, मनोज कुमार गुप्ता, दामोदर साव, हुलास दास, लड्डू सिंह, अभिमन्यु कुमार, मनीष पांडेय, बृजनंदन, ध्रुभ कुमार, बबलू सिंह, विकास सिन्हा, नागेंद्र शुक्ला, सहित हजारों की संख्या में महिलाएं , एवम पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कथारा के नए जीएम के साथ कथारा के संवदको की हुई परिचयात्मक बैठक

### गुणवात्तापूर्ण कार्य करने का सभी का हो प्रयासः- जीएम संजय



न्यूज12 भारत संवाददता

बेरमो /सीसीएल कथारा क्षेत्र के नव पदस्थापित महाप्रबंधक संजय कुमार के साथ कथारा और जारंगडीह के संवदको की परिचयात्मक बैठक हुई। यहां प्रबंधन की ओर से सीएसआर के अधिकारी चंदन कुमार भी शामिल रहे। संगठन के सचिव विजय कुमार सिंह ने पदाधिकारियो व सदस्यों का परिचय महाप्रबंधक श्रीकुमार से कराया। वही सीसीएल वृहत परिवार का सदस्य संवदको के भी होने पर इनके समस्याओ से महाप्रबंधक को अवगत कराया। जीएम श्रीकुमार ने कहा कि गुणवात्ता के साथ कार्य हो, इसका सभी को ख्याल रखना हैं। वही स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा पर उन्होंने जोर दिया। श्रीकुमार ने कथारा में जीएम माइनिंग के कथारा में कार्यकाल और जीएम वाशरी के रूप में अपने योगदान से भी अवगत कराया। वही यह भी जानकारी दी कि अब तक के क्षेत्र के इतिहास में सर्वाधिक 4.2 मिलयन टन का उत्पादन लक्ष्य रखा गया हैं। इसमें सुरक्षित उत्पादन के साथ लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सामूहिकता से कार्य किया जाएगा। यहां विभिन्न सदस्यों द्वारा अपने विचार को रखने का काम किया गया। इस अवसर पर बैरिस्टर सिंह, मो मुर्शिद आलम, मनोज तिवारी, दुलारचंद्र यादव, मो इस्लाम, अनिल कुमार सिंह, संजय गुप्ता, हाजी यासीन, मो मुर्शिद अंसारी, मो आजाद अंसारी, मो इलियास, सिताराम महतो, बबलू रहमान, आलम रजा, नजीर अंसारी, अविनाश कुमार, इरफ़ान अंसारी, मो आशिफ़ रजा, शाहिद रजा, संजय कुमार आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## केंद्र सरकार कि महत्वकांक्षी पीएम विश्वकर्मा योजना का प्रशिक्षण जिला में होना सुविधाजनक - गोपाल पटवा

न्यूज12 भारत संवाददता




प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के चयनित लाभार्थियों को जांच उपरांत प्रशिक्षण के लिए गया जिला में नहीं बल्कि नवादा जिला में बगैर मैसेज , पत्राचार के दूरभाष पर बुलाया गया। नवादा जाने पर एक दर्जन प्रशिक्षण लेने गए चयनित लाभार्थियों को बैरन वापस लौटना पड़ा।

दूरभाष पर सूचना देकर बुलाने के बावजूद सूची से नाम कट गया है ऐसी जानकारी दी गई और भविष्य में उन्हें प्रशिक्षण से वंचित होने के बाद बताई गई।

प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना के क्रियान्वयन में दूसरे जिलों में भेज कर प्रशिक्षण दिलाने के कुप्रबंधन को लेकर गोपाल प्रसाद पटवा अध्यक्ष बिहार प्रदेश बुनकर कल्याण संघ ने जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सुश्री वंदना जी को दूरभाष पर जानकारी दी। जन शिक्षण संस्थान नवादा के प्रबंधक पर गैर-इरादतन लाभार्थियों को परेशान करने को लेकर अभिलंब अग्रेतर आवश्यक कार्रवाई की मांग की।

बताते चलें कि मानपुर शहरी क्षेत्र गया नगर निगम क्षेत्र और प्रखंड के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पी.एम. विश्वकर्म योजना के लिए आवेदन किया गया था जिसकी जांच भी हो चुका है उनको प्रमाण पत्र भी आ चुका है। चयनित लाभुक प्रशिक्षण के इंतजार में बैठे हुए हैं ताकि प्रशिक्षण प्राप्त कर आगे की कार्रवाई हो और वह योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। जन शिक्षण संस्थान नवादा के प्रबंधक के रवैए से लाभार्थियों में आक्रोश है और इसको लेकर के गोपाल प्रसाद पटवा ने जिला प्रशासन और एमएसएमई मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री श्री जीतन राम मांझी से हस्तक्षेप करते हुए लाभार्थियों के परेशानी से निजात दिलाते हुए प्रखंड स्तर अथवा गया जिले में ही अभिलंब प्रशिक्षण का व्यवस्था करते हुए लाभ दिलाने की मांग की है। पीएम विश्वकर्मा योजना में चयनित लाभार्थियों का प्रशिक्षण गया जिला से बाहर कराने का प्रबंधन समझ से परे हैं।

## तनाव प्रबंधन वर्तमान समय की माँग - दीपाली पराशर




न्यूज12 भारत संवाददता

मांडर :- कंदरी स्थित भारथी कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में " तनाव प्रबंधन " विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन केन्द्रीय मनोचिकित्सा संस्थान राँची के डॉक्टरों, एंव विशेषज्ञो के द्वारा किया गया सिकेपी के मनोचिकित्सक डॉक्टर अमन सबा, कल्पना टोप्पो तथा द्रौपदी कुमारी के द्वारा तनाव प्रबंधन कार्यशाला पर क्विज तथा व्याख्यान के माध्यम से बी०एड०, एवं डी०एल०एड० के छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गयी। कार्यशाला के मुख्य अतिथि के रूप में सचिव नितिन पराशर तथा शैक्षणिक सचिव सह प्रार्चाय दीपाली पराशर उपस्थित थी। सचिव नितिन पराशर ने कहा कि कोरोना काल के बाद युवाओं में तनाव की समस्या काफी देखने को मिल रही है इसी को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय ने ब्च् से संपर्क कर युवाओ को लाभान्वित करने का प्रयास किया ताकि युवा अपने भविष्य को लेकर बिना तनाव के करियर को आगे बढ़ा सके। दीपाली पराशर ने कहा कि तनाव प्रबंधन वर्तमान समय की माँग है। विद्यार्थी अपने करियर चयन से लेकर उद्देश्य पूर्ति तक तनाव उन पर हावी न हो। सिकेपी के डॉक्टर अमन सबा ने कहा कि महाविद्यालय का यह प्रयास सराहनीय है जिससे विद्यार्थी बहुउद्देश्यीय कार्यक्रम का लाभ उठाते हुए शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ हो। विशेषज्ञ कल्पना टोप्पो ने कहा कि तनाव साकारात्मक व नाकारात्मक दोनो होता है बस आवश्यकता इस बात की है कि हमे यह कौशल विकसित करना है कि इस तनाव से बाहर कैसे निकला जाय। विशेषज्ञ द्रौपदी कुमारी ने कहा कि टेलीमानस मानसिक समस्याओ के निदान मे पुरे भारत मे झारखण्ड दूसरे स्थान पर है यदि युवा जागरूक हो तो यह प्रथम स्थान पर आ सकता है प्फ ।ब् कार्डिनेटर मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि तनाव से ग्रसित युवाओ के बेहतर भविष्य के लिए भारत सरकार ने 2022 मे टेलीमानस को लॉच किया तब से मानसिक समस्याओ का समाधान टेलीमानस पर 24 घंटे उपलब्ध है आवश्यकता इस बात की है कि लोग इसके बारे मे जागरूक हो और अधिक से अधिक लाभ उठायें। तनाव विकास में बाधा है तथा सही समय पर इसका निदान आवश्यक है। मौके पर व्याख्यता राकेश कुमार राय, मधुरंजन , विनीता चैधरी, रिभा कुमारी, अमित कुमार, विनीत शर्मा, सुबोध शर्मा, सहाय सर, सुनील कुमार, सलमान अंसारी, इमरोज इत्यादि उपस्थित थे। कार्यशाला मे आये अतिथियों को महाविद्यालय की ओर से पौधा, बैग और शॉल देकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन मनोज कुमार गुप्ता तथ मंच संचालन नितिश तथा तरन्नुम के द्वारा किया गया।

## लाशों में भी जाति ढूंढने वाले नेता हैं तेजस्वी : प्रभाकर मिश्र

- जातिवाद की पराकाष्ठा पार गया है लालू परिवार
- जाति के नाम पर लालू परिवार ने यादवों को सिर्फ ठगा

न्यूज12 भारत संवाददता




गया ।भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि लालू का परिवार जातिवाद की पराकाष्ठा को पार कर गया है। तेजस्वी यादव लाशों में भी जाति ढूंढते हैं। मिश्र ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि तेजस्वी की स्थिति 'चोर बोले जोर से' जिसका परिवार जंगल राज का सूत्रधार रहा है, जिनके शासनकाल में कई नरसंहार हुए, वह आज कानून व्यवस्था की पाठ पढ़ा रहा है। श्री मिश्र ने कहा कि बिहार में कानून का राज है। अपराध करनेवाले चाहे कोई भी हों, बख्शे नहीं जाते। अपराध करनेवालों की जगह जेल में है। तेजस्वी यादव में सबसे बड़ी गड़बड़ी यही है कि हर घटना को जाति का चश्मा लगा कर देखते हैं। अब चुनाव बीत गया, अब तो जाति के दायरे से बाहर निकलना चाहिए। छपरा में अधिवक्ता पिता-पुत्र की हत्या दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन, तेजस्वी दुख इसलिए जता रहे हैं कि अधिवक्ता पिता -पुत्र यादव जाति के थे। यह तेजस्वी की घड़ियाली आंसू है। तेजस्वी यादव को शायद नहीं मालूम कि पति-पत्नी की सरकार में बिहार में सबसे अधिक यादव जाति के लोगों की हत्या हुई थी। तेजस्वी को यह भी याद रखना चाहिए कि चुनाव के दौरान सारण में क्या हुआ था। वोटरों के बीच आतंक फैलाने वाले कौन लोग थे, बूथ पर जाकर वोटरों को कौन धमका रहा था। तेजस्वी पहले अपने परिवार और आपराधिक प्रवृत्ति वाले कार्यकर्ताओं की खबर लें। मिश्र ने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार है, अपराधियों को उनके मांद से खींच कर बाहर निकालेगी। सारण में अधिवक्ता पिता-पुत्र की हत्या के पीछे भूमि विवाद है। खैर, कारण जो भी यह घटना निंदनीय है और पुलिस शीघ्र ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लेगी। ऐसी घटना को जाति का रंग देना निराशाजनक है।